# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर
## ई समाचार पत्र

## सितम्बर-नवम्बर 2025



प्रकाशन संख्या 08

www.gdcshivnagar.in

# विषय सूची

प्रतिभा खोज

हिंदी दिवस

अभिभावक अध्यापक समिति गठन

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

पोषण अभियान

संस्कृत व्याख्यान

राम नवमी पर व्याख्यान

रक्त जांच शिविर एवं पोषण रसोई

कॉलेज छात्र केन्द्रीय संघ

स्वास्थ्य शिविर

समर्थ दिवस

महाविद्यालय समबधिकरण

ग्राम हाट

पोस्टर मेकिंग अभियान

नशा मुक्ति चर्चा पप्लाह

नशा मुक्ति पोस्टर मेकिंग

नशा मुक्ति विशेष व्याख्यान

रंगोली प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा

जिला स्तरीय प्रतियोगिता

नशा मुक्ति खेल प्रतियोगिता

नशा मुक्ति रैली

शपथ ग्रहण नशा मुक्ति

एकता दिवस

संस्कृत विशेष व्याख्यान

शिक्षा दिवस

सड़क सुरक्षा एवं नशा के खिलाफ रैली

संविधान दिवस

विशेष व्याख्यान

क्षय रोग  मुक्त भारत अभियान

मतदाता जागरूकता

सप्त दिवसीय शिविर

# प्रतिभा खोज

**राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में शनिवार 13 सितम्बर को टैलेंट हंट प्रतियोगिता के बात फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य में प्रतिभा दिखाई। इसके आधार पर छात्रों का राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयन किया गया। टैलेंट हंट प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न छात्र -छात्राओं ने एकल-गान, समूह-गान, एकल-नृत्य और समूह नृत्य में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदया एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।विभिन्न कार्यक्रमों के बाद इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह  सभी प्रदर्शनों की सराहना करते हुए बताया कि प्रस्तुति के आधार पर छात्रों का चयन किया जाएगा और अपने अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया।अंत में पुरस्कार वितरण कर सभी का धन्यवाद किया गया। मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर के रूप में क्रमशः राशि और अंशुल को और मिस ब्यूटीफुल और मिस्टर ब्यूटीफुल के लिए क्रमशः रितिका और शुभम को चुना गया। सभी ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।**



# हिंदी दिवस

महाविद्यालय में एन. एस. एस. व हिन्दी विभाग ने मिलकर हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 11 सितम्बर से आरम्भ हुए कार्यक्रमों में पहले दिन हिन्दी विषय पर विद्यार्थियों ने कार्ड बनाएं, दूसरे दिन निबंध लेखन की प्रतियोगिता आयोजित हुई, तीसरे दिन पोस्टर और नारा लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने हिन्दी के प्रति अपनी भाव की अभिव्यक्ति की और अंतिम दिन 15 सितम्बर को काव्य पाठ का आयोजन कर हिन्दी दिवस मनाया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ जिसमें हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. योगेश पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए हिन्दी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। फिर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने हिन्दी भाषा और साहित्य पर अपने विचार रख सभी को अच्छी हिन्दी सीखने के लिए प्रेरित किया। जिसके बाद काव्य पाठ प्रतियोगिता में विधार्थियो ने कविता का पाठ किया और अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम समाप्त हुआ।





# अभिभावक अध्यापक समिति गठन

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 18 सितम्बर को अभिभावक - अध्यापक कार्यकारिणी की आम सभा की बैठक हुई जिसमें सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। विगत सत्र के पी. टी. ए. सचिव डॉ. योगेश पाण्डेय ने बैठक की शुरुआत करते हुए सभी का स्वागत किया, पूर्व कार्यकारिणी का धन्यवाद किया और विगत वर्ष के सभी खर्चों का विवरण कार्यकारिणी के सामने प्रस्तुत किया। जिसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया आरम्भ हुई जिसमें सर्वसम्मति से चुनी गई कार्यकारिणी निम्नलिखित है - अध्यक्ष- श्री जरनैल सिंह, उपाध्यक्ष - प्रो. शिखा धरवाल, सचिव - डॉ. उज्ज्वल सिंह, संयुक्त सचिव - श्रीमती किरण कुमारी, मुख्य सलाहकार -श्रीमती लता सरोज, कोषाध्यक्ष - श्री संगीत कुमार, लेखाकार - डॉ. नीतिका शर्मा। कार्यकारिणी के गठन के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या और पी. टी. ए. संरक्षक डॉ. संगीता सिंह ने विगत कार्यकारिणी का धन्यवाद करते हुए चुने गए सदस्यों को बधाई दी। साथ ही अभिभावक- अध्यापक कार्यकारिणी सुचारु रूप से छात्र - छात्राओं और महाविद्यालय के हित में निरंतर कार्य करती रहें इसके लिए सकारात्मक चर्चा भी की। बैठक में अभिभावकों के साथ प्राध्यापकों में प्रो. राजेश कुमार, प्रो. विवेकानंद शर्मा उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

24 सितम्बर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें व्याख्यान, सांस्कृतिक गतिविधियां और स्वच्छता अभियान शामिल है। महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को एन. एस. एस. दिवस की बधाइयाँ दी। मुख्य वक्ता और पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विवेकानंद शर्मा ने सभी को एन. एस. एस. का इतिहास बताते हुए उसके महत्त्व और राष्ट्र में उपयोगिता पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवियों के अंतर्मन में सेवा भाव विकसित करने को प्रेरित किया। इको क्लब के संयोजक डॉ. उज्ज्वल सिंह ने एन. एस. एस. का पर्यावरण संरक्षण में योगदान बताते हुए राष्ट्र सेवा पर एक गीत भी प्रस्तुत किया। स्वयंसेवियों ने भी एनएसएस दिवस पर अपने विचार, गीत, कविता आदि प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसके बाद स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के पीछे बहती खड्ड के आस-पास पड़े कूड़े-कचरे को साफ कर स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक भी किया।






# पोषण अभियान

पोषण अभियान का उद्देश्य छात्रों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है| इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु महाविद्यालय में भी पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर विशेषज्ञों ने छात्रों को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने पोषण संबंधी गतिविधियों में भाग लिया, जैसे कि स्वस्थ भोजन तैयार करना और पोषण संबंधी खेल खेलना। छात्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए सलाह दी गई[1,2]। पोषण अभियान के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का परिणाम यह हुआ कि छात्रों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



# विशेष व्याख्यान

वैदिक साहित्य में वेदांग का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है, इनके ज्ञान के बिना वेदों को अच्छे से जान पाना असंभव है | उनमें भी छंद शास्त्र का अपना एक विशेष महत्त्व है | अत: महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा इस विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस व्याख्यान में छात्रों को संस्कृत छन्द के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया। इस व्याख्यान में प्रो विवेका नन्द शर्मा द्वारा संस्कृत छन्द के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न छन्दों के प्रकार, उनकी विशेषताएं और उपयोग के बारे में चर्चा की। इस व्याख्यान में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वक्ता के विचारों को ध्यान से सुना। वक्ता ने विभिन्न छन्दों के प्रकारों पर चर्चा की, जैसे कि अनुष्टुप, वसंततिलका, शिखरिणी आदि । उनके द्वारा छन्दों की विशेषताओं पर चर्चा की, जैसे कि उनकी लय, गति और अर्थ । उसके उपरान्त उन्होंने अपने विचारों को समर्थन देने के लिए विभिन्न उदाहरणों और प्रमाणों का उपयोग किया, जिससे छात्रों को विषय की गहराई को समझने में मदद मिली। व्याख्यान के अंत में, छात्रों ने वक्ता से प्रश्न पूछे और अपने संदेहों का समाधान किया। इस व्याख्यान ने छात्रों को संस्कृत छन्द के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया और उन्हें इस विषय में गहराई से जानने के लिए प्रेरित किया।इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों को अपनी संस्कृति और विरासत के बारे में जानने का अवसर मिलता है और उन्हें अपने ज्ञान को बढ़ाने में मदद मिलती है।



# राम नवमी पर व्याख्यान

01 अक्टूबर  को नवीन शारदीय ऊर्जाओं से परिपूर्ण राम नवमी के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के संस्कार क्लब द्वारा 'रामनवमी: भारतीय संस्कृति की शक्ति का प्रतीक' विषय पर व्याख्यान, संवाद, हवन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। संस्कार क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने सभी को राम नवमी की शुभकामनायें देते हुए विद्यार्थियों को राम नवमी का अर्थ, उद्देश्य और महत्व बताते हुए इसे युवाओं में शक्ति जागरण का प्रतीक माना। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने  सभी विद्यार्थियों को भगवान राम के आदर्श को जीवन में अपनाने का सन्देश देते हुए मर्यादा और शक्ति के संतुलन को बनाएं रखने को वास्तविक प्रगति बताया। इसके बाद महाविद्यालय में हवन किया गया जिसमें सभी ने आहुति देते हुए पर्यावरण की शुद्धि का आह्वान किया और सामाजिक कल्याण की कामना के साथ अपने भीतर की बुराइयों की भी आहुति दी। अंत में प्राचार्य महोदया ने प्रसाद वितरण के साथ सभी को राम नवमी की पुनः शुभकामनायें दी।



# रक्त जांच शिविर एवं पोषण रसोई

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में पोषण अभियान के अंतर्गत वैलनेस क्लब द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सत्र में सी.एच.सी खैरा से पधारे चिकित्सक दल द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्याक वर्ग और अन्य सदस्यों का हीमोग्लोबिन (Hb) परीक्षण किया गया। इस परीक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य की निगरानी करना था। विशेष रूप से छात्राओं में आयरन की कमी को ध्यान में रख कर जाँच के बाद उनकी आयरन की कमी को पूरा करने के उपाय से उनको परिचित कराया गया। इसी क्रम में दोपहर के सत्र में महाविद्यालय में “पोषण रसोई – ज़ायका चैलेंज” का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य संतुलित आहार के प्रति युवाओं को प्रेरित कर फ़ास्ट फ़ूड से उनको दूर रखना रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं बल्कि छात्रों में रचनात्मकता और टीम भावना का भी विकास करती हैं। इस सफल कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा धरवाल ने सभी का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।







# कॉलेज छात्र केन्द्रीय संघ

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 04 अक्टूबर को सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने सभी का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ जिसमें सबसे पहले प्रो. राजेश ने सी. एस. सी. ए. के बारे में बताते हुए कार्यकारिणी के प्रतिनिधियों और सदस्यों के नाम की घोषणा की। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह व अन्य क्लब के संयोजकों द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इसके बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन भी होता रहा। सी. एस. सी. ए अध्यक्षा देवांशी ने कार्यकारिणी की तरफ से सभी का धन्यवाद करते हुए भविष्य की अपनी योजना के साथ अपनी मांगों को भी अपने वक्तव्य में सामने रखा। महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने अपने सम्बोधन में सभी को सम्बोधित करते हुए कार्यकारिणी के साथ सहयोग करने की बात की, समस्याओं के निवारण के लिए आश्वस्त किया और सभी को बधाई दी। जिसके बाद ओ. एस. ए. सदस्य की तरफ से 'राणा अमर सिंह मेमोरियल मेरिट स्कालरशिप' का वितरण भी किया गया जिसमें वार्षिक परीक्षा में बी. ए. और बी. कॉम. में प्रथम स्थान पर रहे 4 छात्राओं कृषिका, पल्लवी, आँचल और देवांशी को यह स्कालरशिप, प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंत में प्रो. राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



# स्वास्थ्य शिविर

आज दिनांक 8 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस, एन. एस. एस. व फोर्टिज़ अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह व सभी प्राध्यापकों ने डॉक्टरों का स्वागत किया। शिविर में ई. एन. टी. विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार, डेंटिस्ट डॉ. तमन्ना, हड्डी विशेषज्ञ डॉ. अभय एवं डॉ. सार्थक और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ओजस्वनी व उनकी टीम ने सभी विद्यार्थियों, क्षेत्रवासियों व महाविद्यालय के सदस्यों की स्वास्थ्य की जाँच कर निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस शिविर का लाभ आसपास के पंचायतों के 150 से अधिक व्यक्तियों को प्राप्त हुआ। प्राचार्य महोदया ने स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए शिविर संयोजन की सराहना की और फोर्टिज़ अस्पताल की टीम व हिमाचल मीडिया संवाददाता केवल कृष्ण का धन्यवाद पौधा देकर किया।








# समर्थ दिवस

आपदा मानव जीवन का अंग बन चुकी है, उन्ही आपदाओं से होने वाले नुक्सान को कम करने के लिए समय समय पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, अत: राजकीय महाविद्यालय शिवनगर द्वार भी आपदा प्रबन्धन के अंतर्गत समर्थ दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालयी छात्रों द्वारा घर घर दस्तक हर घर दस्तक विषय के अंतर्गत जनता से सुरक्षित निर्माण सुरक्षित समाज की अपील की । समर्थ दिवस का आयोजन आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और समुदाय को आपदा से निपटने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से किया जाता है [1]।

समर्थ दिवस के आयोजन में विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यक्रम आयोजित गए, जिनमें छात्रों ने आस पास क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की ।





# महाविद्यालय सम्बधिकरण

11 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एफिलिएशन टीम का आगमन हुआ। कुलपति उम्मीदवार और बी. कॉम विषय विशेषज्ञ के रूप में एच. पी. यू. क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के निदेशक प्रो. कुलदीप अत्रि और बी. ए. विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. संजीव कुमार का स्वागत प्राचार्या संगीता सिंह ने पुष्प गुच्छ के साथ किया। टीम ने महाविद्यालय का निरिक्षण करते हुए कार्यालय, अवसंरचना, कक्षाओं का भी निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। इसके बाद पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए टीम ने विभिन्न पहलुओं का अवलोकन करते हुए नव निर्मित पहाड़ी अनुभाग की सराहना भी की। अंत में प्राचार्य महोदया ने दोनों सदस्यों का स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद किया।





# ग्राम हाट

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 14 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. नीतिका शर्मा ने महाविद्यालय में 'ग्राम हाट' का आयोजन करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने रिबन काट कर ग्राम हाट का शुभारम्भ किया। छात्र- छात्राओं के 27 समूहों ने लगभग 60 उत्पादों की प्रदर्शनी महाविद्यालय परिसर में लगाई जिसमें हस्तनिर्मित आचार, क्षेत्रीय व पौष्टीक व्यंजन, हाथ से बने ऊनी सामान आदि उपलब्ध रहे। ग्राम हाट में प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और आस-पास के क्षेत्रीय निवासियों ने खरीददारी की। विद्यार्थियों ने अपने बनाएं हुए उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, मूल्य और विशेषताओं को ग्राहकों को बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप शुरू करने के साथ क्षेत्रीय उत्पादों को बाजार में लाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल प्रो. राजेश कुमार, डॉ. उज्ज्वल सिंह और प्रो. विवेकानंद शर्मा ने सभी उत्पादों का निरीक्षण कर परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा के इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में बताया और इस पहल को विद्यार्थियों में स्वरोजगार की भावना विकसित करने से जोड़ा।





# पोस्टर मेकिंग

नशा आज के समाज में एक ज्वलंत समस्या बनकर उभरी है | आज की युवा पीढ़ी को इस से बचने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी है, इस ही उद्देश्य की पूर्ति की लिए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टरों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाया। छात्रों ने अपने पोस्टरों में नशे के दुष्प्रभावों को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से दर्शाया और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।



# चर्चा सत्र

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर द्वारा गोद लिए गए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपलाह में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में छात्रों को बताया गया कि नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। नशे के कारण व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाती है और वह अपराध की ओर बढ़ सकता है।छात्रों को नशे से मुक्ति के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें खेलों, योग और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया जिससे वे नशे से दूर रह सकें। इस जागरूकता अभियान से छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए पाठशाला के अध्यापकों और छात्रों को धन्यवाद दिया।






# नारा लेखन

नशे के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए एवं उनको एक अच्छा नागरिक बनाने के लिए महाविद्यालय में समय समय पर अनेक जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं, उस ही क्रम में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब द्वारा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने स्लोगनों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाया। छात्रों ने अपने स्लोगनों में नशे के दुष्प्रभावों को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से दर्शाया और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

- "नशा नहीं, जीवन को चुनें"
- "नशा मुक्ति की राह पर चलें, स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें"
- "नशा बर्बादी की राह है, इससे दूर रहें"

इस प्रतियोगिता से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।



# विशेष व्याख्यान

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब एवं रेड रिब्बन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विशाल कटोच मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. विशाल कटोच ने अपने व्याख्यान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने नशे से दूर रहने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे के कारण शारीरिक और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि नशे के कारण मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाती है। डॉ विशाल कटोच ने नशे से मुक्ति के लिए योग, ध्यान और आयुर्वेदिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन तरीकों से नशे की लत को दूर किया जा सकता है और व्यक्ति स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित हो सकता है।

इस विशेष व्याख्यान से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने डॉ. कटोच को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।





# रंगोली प्रतियोगिता, दीपावली आयोजन एवं पोषण सप्ताह समापन

**17 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।  सबसे पहले रोड सेफ्टी क्लब के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोंलियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। पोषण माह के समापन का समापन करते हुए संयोजक प्रो शिखा ने पोषण मैगज़ीन का उद्घाटन किया और नुट्रिशयन क्वीन के रूप में चयनित हुए देवांशी, सुहानी, सोनाक्षी, पल्लवी और तम्मना को प्राचार्या महोदया ने सम्मानित किया। अंत में दिवाली मनाते हुए विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई और दिया बनाने कि प्रतियोगिता हुई जिसमें विभिन्न प्रकार के दिए बनाए गए। इन सभी कार्यक्रमों में छात्र - छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।**








# जिला स्तरीय प्रतियोगिता

हिमाचल प्रदेश पिछले लगभग 3 वर्षों से भारी आपदा का दंस झेल रहा है, अत: इन आपदाओं से होने वाले जान माल के नुकसान को कम करने के लिए और छात्रों को जागरूक करने के लिए राजकीय महाविद्यालय मटौर में आपदा प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय समर्थ 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर परआयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में महाविद्यालय शिवनगर के तीन प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चित्रकला प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना था। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। महाविद्यालय शिवनगर के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। उनके चित्रों में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को बहुत ही सुंदर और प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया था।

## निष्कर्ष

इस आयोजन से छात्रों को आपदा प्रबंधन के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करने में मदद मिली। महाविद्यालय शिवनगर के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। हमें उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे।






# खेल प्रतियोगिता का आयोजन

खेल, योग, व्यायाम आदि कुछ ऐसी विधाएं है, जिससे छात्रों को नशे से दूर रखा जा सकता तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाया जा सकता है | इसलिए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब द्वारा महाविद्यालय के छात्रों एवं प्राध्यापकों के बीच में एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया । इस मैच का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।

मैच में महाविद्यालय के छात्रों एवं प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी टीम के लिए खेलने का भरपूर प्रयास किया। मैच के दौरान, छात्रों ने नशा मुक्ति के संदेश वाले बैनर और पोस्टर भी प्रदर्शित किए। मैच के दौरान, छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।

आयोजन के उद्देश्य

- नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना
- छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना
- महाविद्यालय में नशा मुक्त वातावरण का निर्माण करना





# नशा मुक्ति रैली

नशा आज राष्ट्र के लिए एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है, यह एक ऐसी समस्या है जो भावी युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रही है | इस समस्या से निपटने एवं छात्रों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब एवं NSS क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था।
इस रैली में महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने नशा मुक्ति के संदेश वाले बैनर और पोस्टर हाथ में लेकर नारे लगाए। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली के दौरान, छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने नारे लगाए जैसे कि "नशा नहीं, जीवन को चुनें" और "नशा मुक्ति की राह पर चलें"। इस रैली से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।






# शपथ ग्रहण

नशा आज के समाज में एक ज्वलंत समस्या बनकर उभरी है | आज की युवा पीढ़ी को इस से बचने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी है, इस ही उद्देश्य की पूर्ति की लिए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में नशा मुक्ति अभियान के तहत रोवर-रेंजेर क्लब एवं NSS क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।
शपथ ग्रहण समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य और अन्य शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। शपथ ग्रहण से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिलेगी और वे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित होंगे। इस आयोजन से महाविद्यालय में नशा मुक्त वातावरण का निर्माण होगा। इस शपथ ग्रहण समारोह से छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने में मदद मिली और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।






# संस्कृत विशेष व्याख्यान

उपनिषद् भारतीय ज्ञान परंपरा का एक महत्त्वपूर्ण भाग है, इसे वेदों के सार भी माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं इस ही महत्वपूर्ण विषय को लेकर संस्कृत विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय उपनिषदों में वर्णित नैतिक मूल्य था। इस अवसर पर विशेषज्ञ प्रोफेसर विवेकानन्द शर्मा ने अपने विचार साझा किए।

उपनिषदों में नैतिक मूल्यों की चर्चा करते हुए, प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि उपनिषदों में सत्य, अहिंसा, दान, तप, और शांति जैसे नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि उपनिषदों के अनुसार, मनुष्य को अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाकर जीवन को सार्थक और सुखमय बनाने की ओर बल दिया ।

उपनिषदों के प्रमुख नैतिक मूल्य:

- सत्य: उपनिषदों में सत्य को परम धर्म माना गया है ।
- अहिंसा: उपनिषदों में अहिंसा को सर्वश्रेष्ठ धर्म माना गया है ।
- दान: उपनिषदों में दान को एक महत्वपूर्ण नैतिक मूल्य माना गया है ।
- तप: उपनिषदों में तप को आत्म-साक्षात्कार का एक महत्वपूर्ण साधन माना गया है ।
- शांति: उपनिषदों में शांति को मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य माना गया है ।



# एकता दिवस

**राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले पोस्टर बनाना और नारा लेखन की प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें स्वयंसेवियों व अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इसके बाद व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने एकता दिवस का महत्त्व बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत की अनेकता में एकता को सुदृढ़ करने वाला महनायक बताया और राष्ट्रीय एकता दिवस को राष्ट्र की एकता का स्तम्भ माना जिसके माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव डाली गयी। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. योगेश पाण्डेय ने सभी को एकता दिवस की शपथ दिलाई और आसपास के बाजार और क्षेत्रों में पदयात्रा भी निकाली गई जिसके माध्यम से राष्ट्र की एकता का सन्देश दिया गया।**






# शिक्षा दिवस

11 नवंबर को अंग्रेज़ी विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना और आई. क्यू. ए. सी. के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' और 'परीक्षा की तैयारी पर चर्चा' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. राजेश कुमार व डॉ. योगेश पाण्डेय के संयोजन में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा किया गया। डॉ. संगीता ने सबसे पहले विद्यार्थियों को परीक्षा में तैयारी के अनेकों गुर सिखाए और बताया की परीक्षा की तैयारी  में अनुशासन और लगन सबसे जरुरी है साथ की भटकवों से भी दूर रहना सीखना चाहिए। उसके बाद शिक्षा दिवस पर बात करते हुए मुख्य वक्ता ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जीवन के बारे में बताते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर चर्चा की। जीवन में शिक्षा के महत्त्व के बारे में बताया और शिक्षा के साथ नैतिक विकास को भी महत्वपूर्ण बताया। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। यह आयोजन सफल और ज्ञानवर्धक रहा जिसमें विद्यार्थियों और स्वयंसेवियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



# सड़क सुरक्षा एवं नशा के खिलाफ रैली


13 नवंबर को महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब, रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'सड़क सुरक्षा जागरूकता' और ' हम सब नशे के खिलाफ' विषय पर विशेष व्याख्यान, शपथ और रैली का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. उज्ज्वल सिंह के संयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और मुख्य वक्ता के रूप में श्री देशराज का स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. राजेश कुमार के मंच संचालन के साथ हुआ। डॉ. संगीता ने सड़क सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए उदाहरणों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति होने वाली लापरवाही से अवगत कराया। और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का सन्देश दिया। मुख्य वक्ता श्री देशराज ने अपने अनुभव द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित कानूनों के बारे में बताते हुए अवहेलना करने पर दंड और जुर्माने से अवगत कराया और नशे के प्रति जागरूक कर नशा करके गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम से परिचित कराया और अनुशासित बने रहने को कहा। उसके बाद छात्र - छात्राओं के साथ महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने मिलकर सड़क सुरक्षा और नशे से दूर रहने की शपथ ली और मुख्य बाजार तक जागरूकता रैली निकाली।



# संविधान दिवस

14 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना और आई. क्यू. ए. सी. के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय संविधान' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन प्रो राजेश कुमार और डॉ योगेश पाण्डेय के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ संगीता सिंह और प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. वीरेंद्र शर्मा के साथ महाविद्यालय के अन्य शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। प्राचार्य महोदया ने मुख्य वक्ता का पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. राजेश कुमार के मंच संचालन में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डॉ. संगीता सिंह ने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान का महत्त्व बताते हुए विद्यार्थियों को संविधान को जानने के लिए प्रेरित किया और सभी को भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्रो. वीरेंद्र का स्वागत करते हुए घंडालवी महाविद्यालय का भी धन्यवाद किया। मुख्य वक्ता ने पी. पी. टी. के माध्यम से अपने वक्तव्य में संविधान के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और निर्माण प्रक्रिया से लेकर आज में समय में उसकी प्रसंगिकता पर प्रकाश डाला और उसकी प्रमुख विशेषता भी को उजागर किया। इसके बाद सभी ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।



# विशेष व्याख्यान

अंग्रेजी विभाग ने छात्रों के व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सॉफ्ट स्किल्स का महत्व और अनुप्रयोग' विषय पर राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एक विशेष व्याख्यान का सफल आयोजन किया। इस व्याख्यान में विभाग के सभी छात्रों, संकाय सदस्यों और अन्य विभागों के इच्छुक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस ज्ञानवर्धक सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. संगीता सिंह जी थीं | डॉ. संगीता सिंह जी ने अपने व्याख्यान में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला | उन्होंने छात्रों को बताया कि सॉफ्ट स्किल्स, जिन्हें अंतर-व्यक्तिगत (Interpersonal) या लोगों के कौशल भी कहा जाता है, करियर की सफलता के लिए तकनीकी कौशल (Hard Skills) जितने ही महत्वपूर्ण हैं । डॉ. सिंह ने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि कैसे ये कौशल छात्रों को साक्षात्कार में सफल होने करने और कार्यस्थल में बेहतर नेतृत्वकर्ता बनने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को इन कौशलों को विकसित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए, जैसे कि कक्षा की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना, प्रस्तुतीकरण (Presentations) देना और विभिन्न क्लबों/सोसाइटियों में शामिल होना । व्याख्यान के अंत में छात्रों ने सक्रिय रूप से अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं। डॉ. सिंह ने सभी प्रश्नों का धैर्यपूर्वक और विस्तृत उत्तर दिया, जिससे छात्रों की सॉफ्ट स्किल्स से संबंधित अवधारणाएं स्पष्ट हुईं।

अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो राजेश कुमार ने मुख्य वक्ता डॉ. संगीता सिंह जी को उनके बहुमूल्य समय और ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन विभाग के छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद रहा।





# क्षय रोग मुक्त भारत अभियान

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 15 नवंबर को 'रेड रिबन क्लब' के तत्वावधान में 'टी. बी. मुक्त भारत' अभियान के तहत क्षय रोग जाँच शिविर का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संगीता सिंह के साथ शिविर का शुभारम्भ किया। इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं, शिक्षक और गैर- शिक्षक वर्ग के साथ आसपास के गाँव के लोग और विद्यालय के विद्यार्थियों की एक्स- रे जाँच की गई और टी. बी. मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने भी अपने सेवाएं दी। शिविर से लगभग 150 लाभार्थियों को लाभ हुआ जिसमें सभी स्वस्थ पाए गए। अंत में प्राचार्या महोदया के साथ महाविद्यालय की टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों का धन्यवाद किया और शिविर का समापन किया






# मतदाता जागरूकता

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 15 अक्टूबर को मतदाताओं को चुनाव, अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरूक के उद्देश्य से व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने चुनाव प्रक्रिया से सभी को अवगत कराते हुए वोट डालने के विभिन्न चरणों से विद्यार्थियों को परिचय कराया और मतदाता से होने वाली असावधानियों के प्रति भी जागरूक किया। इसके साथ ही देश के युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया।





# सप्त दिवसीय शिविर

आपदा मानव जीवन का अंग बन चुकी है, उन्ही आपदाओं से होने वाले नुक्सान को कम करने के लिए समय समय पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, उसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के 5 छात्रों ने दिनांक 17/11/25 से 23/11/25 तक जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणद्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था, जैसे कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सावधानियां, प्राथमिक उपचार, और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर[1]।

प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु:

- आपदा प्रबंधन: छात्रों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।
- प्राथमिक उपचार: छात्रों को प्राथमिक उपचार के बारे में सिखाया गया।
- आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर: छात्रों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।
- प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सावधानियां: छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक करना और उन्हें आपदा के समय सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना था।



# संपादक





प्रो ०विवेका नन्द शर्मा
सहायकाचार्य संस्कृत

डॉ ० योगेश पांडेय
सहायकाचार्य हिन्दी